
# देश-विदेश के निवेशकों की नजर अब उज्जैन पर



**उज्जैन।** जहां महाकाल का आशीर्वाद है, वहां उन्नति का प्रकाश है। जहां क्षिप्रा की पावन धारा बहती है, वहां समृद्धि का विस्तार होता है। सम्राट विक्रमादित्य की इस पुण्यभूमि उज्जैन में इन दिनों विकास और निवेश का नया अध्याय लिखा जा रहा है। धर्म और संस्कृति की राजधानी अब आर्थिक गतिविधियों अचल संपत्ति के क्षेत्र में भी नई ऊंचाइयों की ओर बढ़ रही है।

यही कारण है कि देश-विदेश के निवेशकों की नजर अब उज्जैन की जमीनों पर है। सिंहस्थ 2028 की तैयारियों के बीच शहर में आधारभूत संरचना के बड़े कार्यों, सड़कों के चौड़ीकरण और नई परियोजनाओं के कारण अचल संपत्ति के क्षेत्र में तेजी से हलचल बढ़ी है।

इसी क्रम में 1 अप्रैल से उज्जैन जिले के 3800 से अधिक स्थानों की संपत्ति गाइडलाइन में वृद्धि लागू होने जा रही है। कई क्षेत्रों में 18 प्रतिशत से लेकर लगभग 150 प्रतिशत तक बढ़ोतरी प्रस्तावित है।

वरिष्ठ जिला पंजीयक ऋतंभरा द्विवेदी ने बताया कि नई गाइडलाइन में शहरी क्षेत्र के लगभग 1700 और ग्रामीण क्षेत्र के करीब 1600 स्थानों को शामिल किया गया है। महाकाल मंदिर क्षेत्र, जीवनखेड़ी, दाऊदखेड़ी, फ्रीगंज, दशहरा मैदान, दताना-मताना और चिंतामणि मंदिर क्षेत्र सहित जिले के कई स्थानों पर गाइडलाइन बढ़ाई जा रही है। इसके साथ ही शहर में विकसित हो रही लगभग चार दर्जन नई कॉलोनियों को पहली बार गाइडलाइन में शामिल किया गया है।

दरअसल उज्जैन में इन दिनों विकास की एक व्यापक धारा प्रवाहित हो रही है। सिंहस्थ 2028 को ध्यान में रखते हुए शहर में दो लेन से लेकर चार लेन, छह लेन और आठ लेन सड़कों का निर्माण तेजी से किया जा रहा है। इसके साथ ही हेलीपैड, हवाई अड्डा विस्तार, रोपवे परियोजना, विक्रम उद्योगपुरी, आईटी पार्क और मेडिसिटी जैसी योजनाएं भी आकार ले रही हैं। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का गृह नगर होने के कारण उज्जैन के विकास को शासन स्तर पर विशेष प्राथमिकता मिल रही है। शहर के स्वरूप में तेजी से परिवर्तन हो रहा है, जिससे देश के साथ-साथ विदेशों से भी निवेशकों की रुचि बढ़ने लगी है।

महाकाल की कृपा, क्षिप्रा का पावन तट और सम्राट विक्रमादित्य की ऐतिहासिक विरासत के कारण उज्जैन केवल आस्था का केंद्र ही नहीं, बल्कि शांत, सुरक्षित और समृद्ध जीवन का भी आकर्षक स्थान बनता जा रहा है। यही कारण है कि अब अनेक लोग महाकाल की नगरी में अपनी जमीन या घर बनाना सौभाग्य मान रहे हैं। आने वाले वर्षों में सिंहस्थ 2028 और तेज गति से चल रहे विकास कार्य उज्जैन को निवेश और समृद्धि के नए शिखर तक पहुंचाने वाले हैं।

### मार्च के आखिरी अंतिम दिवस जबरदस्त भीड़

वित्तीय वर्ष के अंतिम दिनों में पंजीयन कार्यालयों में जबरदस्त गतिविधि देखी गई। मार्च एंड के चलते रजिस्ट्री कराने वालों की भीड़ उमड़ी रही और कई दिनों तक कार्यालयों में देर रात 12 बजे तक पंजीयन का कार्य चलता रहा। लक्ष्य पूरा करने के लिए पूरा स्टाफ लगातार डटा रहा और रविवार की छुट्टियां भी स्थगित कर दी गईं। बताया गया कि जिले ने इस वित्तीय वर्ष में करीब 446 करोड़ रुपए का राजस्व लक्ष्य प्राप्त कर लिया है। संपदा-2 प्रणाली के माध्यम से पंजीयन प्रक्रिया को अधिक सरल और पारदर्शी बनाया गया है, जिससे खरीदी-बिक्री की प्रक्रिया में भी तेजी आई है।



# महाकाल मंदिर के सहायक प्रशासक मूलचंद जूनवाल इंडियन आइकॉन अवार्ड से सम्मानित

**उज्जैन।** श्री महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति के सहायक प्रशासक मूलचंद जुनवाल को विनर्स बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड के प्रतिष्ठित इंडियन आइकॉन अवार्ड से सम्मानित किया गया है।

उन्हें यह सम्मान विनर्स बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड की चेयरमैन डॉ. ईशा अग्रवाल के हाथों प्रदान किया गया। उल्लेखनीय है कि डॉ. अग्रवाल मिस इंडिया एक्सक्विजिट 2015, माइलस्टोन इंटरनेशनल प्रिंसेस 2017, ग्लोबल इंटरनेशनल प्रिंसेस 2018 और मिस ब्यूटी टॉप ऑफ द वर्ल्ड 2019 की विजेता रही हैं। इस गरिमामय अवसर पर विनर्स बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड के संस्थापक अध्यक्ष और 184 वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाने वाले पहले भारतीय मेडिटेशन ट्रेनर बीके डॉ. दीपक हरके सहित विहान अनिकेत हरके, सुप्रिया अनिकेत हरके तथा प्रतीक्षा घोंगड़े विशेष रूप से उपस्थित थे।

# सुरक्षा व्यवस्था के साथ ही नशे के खिलाफ चलाएं अभियान...

- पुलिस अधीक्षक ने ली अधिकारियों
- के साथ अपराध समीक्षा बैठक

**उज्जैन।** पुलिस अधीक्षक उज्जैन द्वारा आज जिले के समस्त अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, नगर पुलिस अधीक्षक, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस एवं समस्त थाना प्रभारियों की एक महत्वपूर्ण अपराध समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

इसका मुख्य उद्देश्य जिले की कानून-व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाना तथा आगामी त्योहारों के दौरान शांति एवं सुरक्षा सुनिश्चित करना रहा। बैठक के दौरान पुलिस अधीक्षक द्वारा जिले में अपराध नियंत्रण, नशे के विरुद्ध कार्रवाई तथा त्योहारों के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को लेकर विस्तृत समीक्षा की गई एवं निम्नानुसार आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। आगामी त्योहारों को दृष्टिगत रखते हुए शहर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए गए।

संवेदनशील एवं भीड़-भाड़ वाले क्षेत्रों में अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती, नियमित गश्त एवं पेट्रोलिंग बढ़ाने, सीसीटीवी कैमरों की निगरानी सुनिश्चित करने तथा असामाजिक तत्वों पर सतत निगरानी रखने हेतु निर्देशित किया गया। जिले में अवैध नशीले पदार्थों की तस्करी, भंडारण एवं विक्रय पर प्रभावी नियंत्रण हेतु विशेष अभियान संचालित करने के निर्देश दिए गए। उज्जैन पुलिस आमजन की सुरक्षा, शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पूर्णतः प्रतिबद्ध है।



### जनजागरूकता अभियान

युवाओं को नशे की प्रवृत्ति से दूर रखने हेतु नशा मुक्ति अभियान को प्रभावी रूप से संचालित करने के निर्देश दिए गए। स्कूल, कॉलेज एवं सार्वजनिक स्थानों पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर आमजन को नशे के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक करने तथा संदिग्ध स्थानों पर सतत दबिश देने हेतु विशेष टीमों का गठन करने के निर्देश दिए गए। थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया कि लंबित विवेचनाओं का शीघ्र निराकरण सुनिश्चित करें।

# नीलगंगा सरकार में कल मनेगा हनुमान जन्मोत्सव

**उज्जैन।** शहर के प्राचीन और ऐतिहासिक श्री अंजनीपुत्र नीलगंगा हनुमान मंदिर नीलगंगा सरकार में इस वर्ष भी हनुमान जन्मोत्सव के पावन अवसर पर भव्य धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है।

मंदिर ट्रस्ट और भक्तगण के सहयोग से गुरुवार को लगातार 16वें वर्ष विशाल भंडारा आयोजित होगा। मंदिर ट्रस्ट के महंत अर्पित दास और पुजारी राजू गुरु ने बताया कि हनुमान जन्मोत्सव बड़े ही धूमधाम और श्रद्धा के साथ मनाया जाएगा। कार्यक्रम के तहत दोपहर 3 से शाम 5 बजे तक सुंदरकांड का पाठ किया जाएगा। इसके पश्चात शाम 5 बजे महाआरती होगी और फिर भोजन प्रसादी के रूप में भंडारा शुरू होगा, जो प्रभु इच्छा तक अनवरत चलेगा। शाम को होने वाली इस विशेष महाआरती में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है। मंदिर समिति ने सभी श्रद्धालुओं से इस आयोजन में सपरिवार उपस्थित होकर धर्म लाभ लेने की अपील की है। नीलगंगा हनुमान मंदिर अपनी प्राचीनता, पौराणिकता और धार्मिक महत्व के कारण श्रद्धालुओं की अटूट आस्था का प्रमुख केंद्र है। धार्मिक ग्रंथ स्कंद पुराण के अवंती खंड में इस पवित्र स्थल का स्पष्ट उल्लेख मिलता है। मान्यता है कि यहां माता अंजनी के साथ श्री हनुमान जी ने तपस्या की थी, जिसके चलते यह स्थल सिद्ध पीठ के रूप में विख्यात हुआ। पौराणिक कथाओं के अनुसार, मां गंगा यहां गुप्त रूप से प्रकट हुई थीं, इसी वजह से इस तीर्थ का नाम नीलगंगा पड़ा। ऐसी मान्यता है कि यहां स्नान और दर्शन करने से पापों का नाश होता है और विशेष पुण्य मिलता है। इस पावन स्थल पर कई वर्षों से अखंड धूना निरंतर प्रज्जवलित है। जो भगवान हनुमान जी की कृपा का प्रतीक और भक्तों की श्रद्धा का मुख्य केंद्र बना हुआ है।


## एक नजर में



### शर्मा थियेटर कमिटमेंट राष्ट्रीय अवार्ड से सम्मानित

**उज्जैन।** शहर के वरिष्ठ रंगकर्मी शरद शर्मा को पंजाब के अमृतसर में आयोजित 26वें राष्ट्रीय नाट्य समारोह में प्रतिष्ठित थियेटर कमिटमेंट नेशनल अवार्ड से सम्मानित किया गया है। मंच रंगमंच अमृतसर द्वारा आयोजित इस समारोह में शर्मा को यह सम्मान स्वर्गीय गुरु शरण सिंह की स्मृति में प्रदान किया गया। सम्मान समारोह में मंच रंगमंच के निदेशक केवल धालीवाल ने शरद शर्मा की कला साधना की सराहना की। उन्होंने कहा कि शर्मा ने दुष्यंत की पंक्तियों कैसे आकाश में सुराख नहीं हो सकता, एक पत्थर तो तबीयत से उछालो यारो को अपने जीवन का मूल मंत्र बनाया है और वे पिछले 45 सालों से इसी मार्ग पर अग्रसर हैं। इस अवार्ड के महत्व को रेखांकित करते हुए धालीवाल ने बताया कि यह सम्मान इससे पूर्व चंडीगढ़ की नीलम मान सिंह, पश्चिम बंगाल की ऊषा गांगुली, पाकिस्तान की मदीहा गौहर, पंजाब के जितेन्द्र बरार जैसी प्रख्यात हस्तियों को दिया जा चुका है। इसी गौरवशाली क्रम में अब मध्य प्रदेश के उज्जैन से शरद शर्मा का नाम जुड़ गया है। उन्होंने कहा कि शरद शर्मा देश में राष्ट्रीय नाट्य समारोह की शुरुआत करने वाले पहले रंगकर्मी हैं। इस अवसर पर सम्मान स्वरूप शरद शर्मा को शॉल, श्रीफल और 21,000 रुपये की सम्मान राशि भेंट की गई।

### मंशापूर्ण हनुमान मंदिर में मनेगा प्राकट्योत्सव



**उज्जैन।** अलखधाम नगर स्थित श्री मंशापूर्ण हनुमान मंदिर पर प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी श्री हनुमान प्राकट्योत्सव बड़े हर्षोल्लास व भव्यता के साथ मनाया जाएगा। श्री मंशापूर्ण हनुमान मंदिर समिति द्वारा आयोजित इस दो दिवसीय धार्मिक समारोह में 1 और 2 अप्रैल को विविध अनुष्ठान संपन्न होंगे। महापौर एवं व्यवस्थापक मुकेश टटवाल के अनुसार, बुधवार 1 अप्रैल को संध्या 7 बजे संगीतमय सुंदरकांड का पाठ किया जाएगा। इसके अगले दिन गुरुवार 2 अप्रैल को मुख्य पर्व पर संध्या 7 बजे सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ होगा। इसके पश्चात सायं 7.30 बजे महाआरती कर भगवान को छप्पन भोग अर्पित किया जाएगा। महाआरती के बाद भव्य भजन संध्या और विशाल भंडारे का आयोजन किया जायेगा। आयोजन के संयोजक प्रकाश तल्लेरा, कार्यक्रम संयोजक शैलेन्द्र तल्लेरा, कार्तिक टटवाल, सुरेन्द्र गुप्ता हैं। आयोजन को सफल बनाने में सचिन अग्रवाल, रतनसिंह कुशवाह, रमाकांत चौहान एवं समस्त भक्तगण जुटे हुए हैं। समिति ने सभी श्रद्धालुओं से आयोजनों में सपरिवार उपस्थित होने का आग्रह किया है।



### महावीर जयंती : रथयात्रा में गूंजे जयकारे

**उज्जैन।** महावीर जन्म कल्याणक के अवसर पर निकाली गई रथयात्रा में नवकार सेवा संस्थान किड्स विंग के बालक-बालिकाओं ने अति उत्साह के साथ सहभागिता की। इस दौरान बच्चे पारंपरिक वेशभूषा में भगवान महावीर के जयकारे लगा रहे थे। हाथों में जैन धर्म का ध्वज लिए और धार्मिक वेशभूषा से सुसज्जित इन बच्चों ने मार्ग में सभी का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया। शहर के प्रबुद्धजनों ने भी बच्चों के इस उत्साह की जमकर सराहना की। विशेष रूप से समाजसेवी नारायण यादव, पूर्व मंत्री पारस जैन, विधायक अनिल कालूहेड़ा और नेता प्रतिपक्ष रवि राय ने बच्चों की प्रशंसा की। संस्थापक अध्यक्ष श्वेता भंडारी ने बताया कि इस आयोजन में 150 बच्चे शामिल हुए, जिन्हें प्रोत्साहन स्वरूप उपहार दिए गए। रथयात्रा में व्यवस्थापक के रूप में श्वेता चोपड़ा, सरिता रत्नबोहरा, अंजू मनोज सुराणा, सीमा दुग्गड़, हेमा दलाल, सारिका मारू और प्रमीला कंकरेचा विशेष रूप से उपस्थित थीं।

# पुलिस को रात्रि गश्त में घूमता मिला जिलाबदर बदमाश

**उज्जैन। पुलिस अधीक्षक ने बढ़ते अपराधों को लेकर थाना प्रभारियों को सक्रिय रहने के निर्देश दिए हैं। इसी क्रम में रात्रि गश्त पर निकली चिमनगंज थाना पुलिस को महाकाल थाना क्षेत्र से जिलाबदर किया गया बदमाश मिल गया। बदमाश को आदेश का उल्लंघन करने पर सोमवार दोपहर कोर्ट में पेश किया गया। जहां से न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया है।**

चिमनगंज थाना प्रभारी गजेन्द्र पचौरिया ने बताया कि रात पुलिस टीम द्वारा थाना क्षेत्र में गश्त की जा रही थी। उसी दौरान सूचना मिली कि महाकाल थाना क्षेत्र से जिलाबदर किया गया बदमाश शहजाद उर्फ शाहरुख उर्फ साबिर उर्फ चकमक पिता रशीद खान 24 साल निवासी महाराजवाड़ा स्कूल के पीछे बेगमबाग विराटनगर क्षेत्र में घूम रहा है। तत्काल गश्त टीम द्वारा उसे पकड़ने के लिये घेराबंदी गई और गिरफ्तार किया गया। थाना प्रभारी के अनुसार बदमाश को महाकाल थाना पुलिस ने जिलाधीश के आदेश पर 6 माह के लिये नवंबर 2025 में जिलाबदर किया था। बावजूद वह शहरी सीमा में घूमता मिला। बताया यह भी जा रहा है कि बदमाश बेगमबाग क्षेत्र छोड़कर विराटनगर में रहने आ गया है। पूर्व में भी उसे पकड़ा जा चुका था। फिलहाल जिलाबदर आदेश का उल्लंघन करने पर उसे राज्य सुरक्षा अधिनियम की धारा में न्यायालय पेश कर जेल भेजा गया है।

# भूखी माता स्थित शिप्रा किनारे नग्न हालत में मिली युवक की लाश

- गला घोटकर की गई हत्या, जांच में लगी पुलिस, सीसीटीवी देखे जा रहे

**उज्जैन।** भूखी माता मंदिर के पास मंगलवार दोपहर शिप्रा नदी किनारे पुलिया के नीचे से एक युवक का नग्न हालत में शव बरामद किया गया। युवक की गला घोट कर हत्या की गई थी। जिसकी पहचान नहीं होने पर पुलिस ने देर शाम पोस्टमार्टम के बाद शव दफना दिया।

महाकाल थाना टीआई गगन बादल ने बताया कि सुबह 11 बजे के लगभग भूखी माता मंदिर के समीप पुलिया के नीचे एक युवक की नग्न लाश पड़ी होने की सूचना पर पुलिस पहुंची थी। मृतक 25-26 वर्ष का होना सामने आएगा जिसके गले में जूते का बंद बंधा हुआ था। संभवतः तो उसकी गला घोट कर हत्या की गई थी।



घटना स्थल से कुछ दूरी पर ही उसका पेंट और कुर्ता पड़ा मिला। जांच के लिए घटना स्थल पर एफएसएल टीम को बुलाया गया। प्रारंभिक जांच में मामला हत्या का ही प्रतीत हुआ। मृतक के कपड़ों से कोई पहचान का दस्तावेज नहीं मिला ना ही आसपास के किसी व्यक्ति द्वारा उसकी पहचान की गई। युवक के सिर पर तिलक लगा हुआ था जिससे लग रहा था कि वह दर्शन करने आया होगा। फिलहाल मामले में मर्ग कायम कर शव का पोस्टमार्टम कराया गया है। देर शाम तक पहचान नहीं होने पर लाश को दफना दिया गया। मृतक की पहचान के प्रयास जारी है। वहीं आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे देखकर इस बात का पता लगाने की कोशिश की जा रही है कि युवक यहां तक कैसे आया था और उसके साथ कौन लोग शामिल थे। इस बात की जानकारी सामने आने पर घटना पूरी तरह से स्पष्ट हो जाएगी।

### पुत्र ने पिता पर किया लाठी से हमला

**उज्जैन।** झारडा के ग्राम मकला में रहने वाले गोपाल पिता कानाजी 50 साल को रात 10 बजे उपचार के लिए चरक अस्पताल लाया गया। डॉक्टरों ने उपचार के लिए भर्ती किया है। घायल गोपाल ने बताया कि उस पर पुत्र लालाराम ने हमला किया है। वह गांव में ही अशोक की दुकान पर रात 8 बजे के लगभग बैठा हुआ था। तभी लालाराम आया और बोला कि तुमने दूसरी औरत रख ली है जिससे शादी की है, अब उसी के साथ रहो। मकान नाम करने से मना किया तो उसने लाठी से हमला कर जान से मारने की धमकी दी।

# दो बाइकों में भिड़ंत, दो मासूम और नाना-नानी घायल

**उज्जैन।** रात में उन्हेल-पिपल्या डाबी के बीच दो बाइक में भिड़ंत हो गई। एक बाइक पर पति-पत्नी के साथ दो मासूम घायल हो गए। ग्रामीणों की मदद से उन्हें उपचार के लिए अस्पताल लाया गया। पुलिस द्वारा दुर्घटना का मामला दर्ज कर जांच की जा रही है।

उन्हेल के ग्राम पिपल्या डाबी में रहने वाला दरबारसिंह चंद्रवंशी अपनी पत्नी भायल बाई और नाती राजनंदिनी 10 वर्ष, दिव्या 3 वर्ष के साथ रिश्तेदारी में सगाई ने होने पर बाइक से रतलाम गया था। रात में सगाई का कार्यक्रम पूरा होने के बाद न दोनों पति-पत्नी अपनी मासूम नातिनों के साथ वापस पिपल्या डाबी लौट रहे थे। गांव से पहले ही उन्हेल रोड पर तेज रफ्तार से आए बाइक चालक ने उन्हें टक्कर मार दी। दुर्घटना में भायल बाई और दोनों नातिन घायल हो गए उन्हें गंभीर चोटें लगी थी। वहीं दरबार चंद्रवंशी मामूली रूप से घायल हुआ था। ग्रामीणों ने घटनाक्रम देखा तो तत्काल घायलों के परिजनों को जानकारी देकर उन्हें उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया। चरक अस्पताल में दोनों मासूम और उनकी नानी का उपचार चल रहा है। दुर्घटना के बाद टक्कर मारने वाला चालक बाइक लेकर भाग निकला था। जिसकी तलाश पुलिस द्वारा की जा रही है।

### पत्नी को बाहर निकाल पति ने लगाई फांसी

उज्जैन। पत्नी की साड़ी का फंदा बनाकर सोमवार मंगलवार रात पति ने फांसी लगा ली। आत्महत्या से पहले घर में विवाद किया था और पत्नी-बच्चों को घर से बाहर निकाल दिया था। पद्मावती कॉलोनी में रहने वाले आशीष पिता रमेश शर्मा 34 वर्ष ने सालों पहले पूजा से प्रेम विवाह किया था। उनके तीन बच्चे भी हैं। प्रेम विवाह करने पर आशीष के परिवार ने उसे अलग कर दिया था। जिसके चलते दोनों पति-पत्नी बच्चों सहित अलग रह रहे थे। आशीष के ऊपर कर्ज अधिक हो गया था और वह शराब पीने लगा था। आठ दिन से वह मरने की बात कह रहा था। रात में शराब पीकर घर पहुंचा और पत्नी से विवाद कर उसे घर से बाहर निकाल दिया। कुछ देर बाद पत्नी कमरे में पहुंची तो पति को फंदे पर लटका देखा। चिमनगंज पुलिस ने मर्ग कायम किया है।

# अंबेड़कर जयंती धूमधाम से मनेगी, बैठक संपन्न

- अजाक्स का उज्जैन संभाग का विचार-विमर्श मंथन संपन्न

**उज्जैन।** अजाक्स भवन भोपाल में 31 मार्च को उज्जैन संभाग के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं का विचार-विमर्श मंथन आयोजित किया गया। बैठक में प्रांतीय महासचिव गौतम पाटिल, प्रांत सचिव महेश विरोलिया तथा अजाक्स प्रदेश महिला विंग की अध्यक्ष निर्मला पाटिल विशेष रूप से उपस्थित रहीं।

जानकारी देते हुए उज्जैन संभाग अध्यक्ष जगन्नाथ बागड़ी ने बताया कि पूरे प्रदेश में बाबा साहब डॉ. बीआर अंबेडकर जयंती को धूमधाम से मनाने के संबंध में विस्तृत चर्चा की गई। इस अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार करने के साथ ही संगठन के विस्तार और सक्रियता बढ़ाने पर भी विचार किया गया। मंथन बैठक में विक्रम सिंह परमार, पीरुलाल मालवीय, एसएस गुजराती, हीरालाल एरवाल, शिवचरण अंगुरिया, नंदलाल लिलोरिया, कमला तथा श्रीमती केशर देवी सहित अन्य पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे। बैठक में निर्णय लिया कि जिलों के कार्यकर्ता अजाक्स भवन भोपाल स्थित प्रांतीय कार्यालय से मार्गदर्शन प्राप्त करते रहेंगे। साथ ही संगठन से जुड़े अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर भी विस्तृत विचार-विमर्श जारी है।



# लड्डुओं से कराया शहरवासियों का मुंह मीठा

**उज्जैन।** महावीर जयंती के पावन अवसर पर जैन सोशल ग्रुप द्वारा भजन भक्ति एवं लड्डू वितरण कार्यक्रम का आयोजन कर पर्व को हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं ने प्रभु भक्ति में प्रस्तुत धार्मिक गीतों पर झूमते हुए भक्ति भाव का सुंदर प्रदर्शन किया।

जैन सोशल ग्रुप सार्थक एवं सार्थक संगिनी ने महावीर जन्मकल्याणक के वरघोड़े का फव्वारा चौक पर भव्य स्वागत किया गया। यहां एक विशाल मंच तैयार कर ग्रुप सदस्यों ने जैन भजनों के माध्यम से वातावरण को भक्तिमय बनाया। संस्था के अमित कावड़िया ने 1100 लड्डुओं का वितरण कर शहरवासियों का मुंह मीठा कराया गया। इस दौरान नारायण यादव, विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा, मनीष कोठारी सहित अन्य समाजजनों का मंच पर स्वागत किया। कार्यक्रम में प्रीति कावड़िया के सानिध्य में आकर्षक गवली सजाकर वंदना की गई।

माता मंदिर में... 10 महाविद्या का पूजन, आज खाटू श्याम के भजन, कल संत समागम

# बगलामुखी मंदिर में आज से दो दिवसीय स्थापना दिवस

**उज्जैन।** उज्जैन के भैरवगढ़ रोड स्थित मां बगलामुखी मंदिर का दो दिवसीय स्थापना दिवस भर्तृहरि गुफा के गादीपति योगी पीर महंत रामनाथ महाराज के सानिध्य में मनाया जाएगा। बुधवार शाम 7 बजे से खाटू श्याम की भजन संध्या होगी। गुरुवार की सुबह 101 बटुक ब्राह्मणों द्वारा मां बगलामुखी सहित सभी 10 महाविद्याओं का अभिषेक, पूजन, श्रृंगार, आरती की जाएगी। मंडली द्वारा सुंदरकांड पाठ किया जाएगा। अखाड़ों, आश्रमों के संत-महंत, महामंडलेश्वरों एवं बटुक ब्राह्मणों का भंडारा होगा। देशभर से उमड़े भक्तों द्वारा योगी पीर महंत रामनाथ महाराज का स्वागत कर जन्मोत्सव मनाया जाएगा। शाम को कलाकारों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी जाएगी।

**मंत्री ने किए महाकाल दर्शन-** महाकाल में वीआईपी के साथ नेता और अभिनेताओं का निरंतर जारी है। इसी क्रम में छत्तीसगढ़ के कैबिनेट मंत्री गुरू खुशवंत सिंह साहेब ने मंगलवार को उज्जैन प्रवास के दौरान महाकाल के दर्शन किए। पंडे-पुजारियों ने उनका पूजन संपन्न कराया। मंदिर समिति ने नंदीहाल में उनका स्वागत किया।



### पालकी में दर्शन देने निकलेंगे वीर हनुमान

हनुमान जन्मोत्सव पर बुधवार शाम 5 बजे कार्तिक चौक स्थित श्री वीर हनुमान मंदिर से गादीपति महंत पुजारी पं. जस्सू गुरु महाराज के सानिध्य में पालकी यात्रा निकलेगी। मंदिर के पुजारी नीलेश गुरु, पुजारी कृष्णा गुरु ने बताया महामंडलेश्वर ज्ञान दास महाराज, श्री ऋणमुक्तेश्वर महादेव मंदिर के महावीर नाथ पूजन कर यात्रा का शुभारंभ करेंगे। यात्रा में 11 ढोल, अखाड़ा, बाबा की पालकी, बाबा के चित्र व 4 धर्म ध्वजाएं शामिल रहेंगी।